डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 339 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया







## अब हरी सब्जियों पर भी महंगाई की छाया

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** महंगाई की मार आमजन की जेब पर ऐसा डाका डाल रही है कि हरी सब्जियां भी अब घर की रसोई तक नहीं पहुंच रही है। तेल, अनाज, दलहन सब महंगा हो रहा है और अब सब्जियों पर भी महंगाई की छाया पड़ने लगी है। महंगाई की मार ऐसी कि आम आदमी की थाली सब्जियों से खाली होती जा रही है। मंदसौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। आलू, प्याज एक बार फिर रुला रहा है, तो बिना हरा धनिया के तैयार हो रही टमाटर की चटनी खाना भी दूभर हो गया है।

### एक महीने से लगातार बना हुआ है उतार-चढ़ाव...

गृहणी भारती तिवारी कहती हैं पिछले एक महीने से सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे दिन कम ही रहे कि सब्जियां कुछ सस्ती मिली हो। मंडी से सब्जी लाती हैं कि कुछ सस्ती मिल जाए। लेकिन, मंडियों में भी कीमतें सुनकर आंखें खुली रह जाती हैं। पसंद की सब्जियां खाना मुश्किल हो गया है। दाल भी जीरा हींग से ही छौंक रही हैं, टमाटर, प्याज का इस्तेमाल नहीं कर पा रहीं। भारती ओसवाल का कहना है कि सब्जियां इतनी महंगी हो रही हैं कि दो दिन पहले मंडी तो गई लेकिन हरी सब्जियों के नाम पर केवल भिंडी लाई, 5-5 किलो आलू-प्याज लाती हूं, लेकिन इस बार एक किलो आलू और एक किलो प्याज ही लेकर आई। हरा धनिया कब से नहीं खाया, लहसुन की चटनी खाना भूल गए। क्या खाएं समझ नहीं आता। अब दाम कुछ कम हों तो पसंद की सब्जियां लाए।

# मंदसौर की ड्रेस पहनकर विदेश में मां की आराधना

## बुक हो गई 80 प्रतिशत ड्रेस, गुजराती और गोपी पैटर्न की मांग ज्यादा

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। नवरात्रि की गूंज मंदसौर या देश में ही नहीं, पूरे विश्व में रहेगी। विश्व के अनेकानेक देशों में बसें हिंदू भी मां की नौ दिन तक आराधना करेंगे। इसकी तैयारियां शुरु हो चुकी है। गरबों के लिए ड्रेस को लेकर भी विशेष तैयारियां की गई है। मंदसौर से जिलेभर के अलावा इंदौर और अन्य शहरों के साथ ही देश के बाहर भी गरबा नृत्य के लिए ड्रेस के आर्डर मिले हैं। शहर में 80 प्रतिशत से अधिक ड्रेस की बुकिंग भी हो चुकी है।**

### यूएस में हर साल जाती है ड्रेस...

शिव टेंट हाउस के संचालक प्रवीण सैनी (सोनू) ने बताया कि देश के बाहर रहने वाले कुछ लोगों के आर्डर भी हर साल आते हैं। इसके अलावा जिले भर से ड्रेस की बुकिंग हो चुकी है। सामाजिक संस्थाओं के साथ शैक्षणिक संस्थाओं में भी नवरात्रि पर्व पर गरबा नृत्य कर मां की आराधना की जाती है। इसके लिए भी ड्रेस की बुकिंग आ रही है। विशेषकर अष्मी और नवमी पर आर्डर बहुत ज्यादा होते हैं। यूएस में रहने वाली अंकिता तिवारी ने बताया कि हर साल नवरात्रि पर्व पर गरबा नृत्य होता है। इसके लिए मंदसौर से ही ड्रेस आर्डर कर मंगवाती हूं।

### काठियावाड़ी की बजाय गुजराती पारंपरिक ड्रेस...

शहर में नवरात्र उत्सव के लिए गरबा का अभ्यास श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्सव में पारंपरिक ड्रेस के लिए युवतियां और महिलाएं चनिया चोली और युवा केडिया हैरम, जॉकेट ड्रेस की बुकिंग करवा रहे हैं। शहर में 80 प्रतिशत से अधिक ड्रेस की बुकिंग हो चुकी हैं। डांडिया ड्रेसेस व्यवसायियों ने बताया इस बार काठियावाड़ी के बजाय गुजराती पारंपरिक ड्रेस और गोपी पैटर्न की मांग ज्यादा है।

### सिंपल और बिना वर्क की ड्रेस...

युवक-युवतियां सिंपल व बिना वर्क की ड्रेसेस ज्यादा पसंद कर रहे हैं। 15 दिन पहले से बुकिंग शुरू हो चुकी है, अब तक 400 से ज्यादा लहंगों के सेट किराए पर बुक हो चुके हैं। एक-दो दिन के लिए हजारों रुपए खर्च कर लहंगा खरीदना महंगा सौदा लगता है। ऐसे में इन दिनों महिलाएं, युवतियां सहित युवक भी डांडिया नाइट्स के लिए डिजाइनर लहंगे और कपड़े किराए पर बुक करा रहे हैं। साथ ही लहंगे से मैचिंग ज्वेलरी भी बुक कराई जा रही है। नवरात्रि से एक-दो दिन पहले तक स्टॉक के अनुसार ड्रेसेस की बुकिंग पूरी हो जाएगी।



### मटकी, गुजराती की टिमली और टेरूड़ों थीम पर गरबा सीख रहे युवक-युवतियां

नवरात्रि पर्व सामाजिक संस्थाओं के अलावा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में भी मनाया जाता है। हर बार की तरह इस बार भी बालिकाओं और युवतियों में भी उत्साह नजर आ रहा है। वे रोज शाम से लेकर रात तक लगातार कई घंटे गरबे की अभ्यास कर रही हैं। प्रतिदिन बालिकाएं गरबे का अभ्यास कर रहीं हैं। इस बार विशेषकर गुजराती गीतों पर गरबा सिखाया जा रहा है। मटकी, गुजराती की टिमली और टेरूड़ों थीम पर भी युवक-युवतियां गरबा सीख रहे हैं।

## शिक्षण संस्थानों में एक समान होगी क्रेडिट प्रणाली, लागू होगा नया अध्यादेश

**भोपाल, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अब सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एक समान क्रेडिट प्रणाली होगी। विद्यार्थी स्नातक अवधि के मध्य, सेमेस्टर से वार्षिक अथवा वार्षिक से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन कर सकेंगे। यानी विद्यार्थियों को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण लेना सुविधाजनक होगा। अध्यादेश लागू होने से विद्यार्थियों को भाषा अध्ययन के अवसर उपलब्ध होंगे।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में अभी तक सेमेस्टर और वार्षिक प्रणाली के लिए अलग-अलग अध्यादेश थे। इन दोनों के स्थान पर सभी स्नातक पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यादेश 14 (1) तैयार किया है। इसमें भारतीय ज्ञान परम्परा, मूल्य संवर्धन एवं कौशल विकास के अध्ययन के लिए प्रविधान किए गए हैं। यह अध्यादेश चरणबद्ध रूप से लागू होगा।

### दो मुख्य विषय का मिलेगा विकल्प...

नए अध्यादेश में दो मुख्य विषयों के विकल्प का अवसर रहेगा। वर्तमान व्यवस्था में एक मुख्य विषय का ही विकल्प रहता है। 50 प्रतिशत से कम क्रेडिट पर अनुत्तीर्ण या शून्य सेमेस्टर होता है, जबकि नई व्यवस्था में यह बाध्यता समाप्त होगी। अभी स्नातक चतुर्थ वर्ष के लिए 7.5 सीजीपीए की बाध्यता रहती है। जबकि, नए अध्यादेश 14 (1) में सभी विद्यार्थियों के लिए चतुर्थ वर्ष ऑनर्स का विकल्प उपलब्ध रहेगा।वर्तमान व्यवस्था में विद्यार्थियों को समस्त विषय एवं प्रवेशित संस्था में पढ़ने की अनिवार्यता रहती है, जबकि नए अध्यादेश में विद्यार्थियों के लिए प्रवेशित संस्था में विषय उपलब्ध ना होने की दशा में ऑनलाइन चुनने का प्रविधान रखा गया है। विद्यार्थियों के लिए श्रेणी सुधार का अवसर मिलेगा और भाषा का अध्ययन तीनों वर्षों में अनिवार्य होगा।

## कैंची से मुंह पर मारी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** बेटी से बातचीत करने से मना किया तो मारपीट की व कैंची से हमला किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी राजेन्द्रपुरी ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि स्कूल जा रही बेटी से नीलेश पिता मनोहर सुथार बातचीत करता था, मैंने मना किया तो गाली-गलौज कर घर पर आकर कैंची से मूह व सिर पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने नीलेश के खिलाफ केस दर्ज किया।

# भावगढ़: बुधवार को तनाव के बाद गुरुवार को शांति

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। बुधवार की रात भावगढ़ में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद मौके पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। मौके पर पुलिस कप्तान अभिषेक आनन्द, एएसपी गौतम सौलंकी सहित पुलिस बल पहुंचा और मोर्चा संभाला। फिलहाल भावगढ़ में स्थिति सामान्य है। इधर पुलिस ने 9 लोगो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें से 4 की गिरफ्तारी का दावा किया गया है।**

जानकारी के अनुसार भावगढ़ निवासी शंभूलाल कुमावत अपने भानेज अनिल के साथ राजस्थान गए थे। वापस लौटते वक्त टांडा गांव के निकट स्कार्पियो सवारों ने दोनो को रोककर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। इसकी खबर भावगढ़ गांव में लगी तो एक पक्ष आक्रोशित हो गया। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बढ़ती देख पुलिस बल तैनात करना पड़ा। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा । हालांकि कुछ देर में ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

जानकारी मिली है कि पुरानी रंजिश को लेकर कुछ समय पूर्व न्यायालय में समझौता होने के बाद सनातनियो का ही एक पक्ष खार खाकर बैठा था। जिसने इस मौके का लाभ उठाया और मामले का मजमून ही बदल दिया। इधर बताया जा रहा है कि राजस्थान में हुए विवाद के मामले में भावगढ़ पुलिस द्वारा जीरो पर एफआईआर दर्ज करने के बाद अरनोद थाने भेजा है। अरनोद पुलिस द्वारा उपद्रवियो को पकड़ने की खबर भी चल रही है। पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने बताया कि राजस्थान में मारपीट की घटना हुई है। हमने यहां 0 पर कायमी कर दी है। मामला राजस्थान पुलिस का है। घटना के बाद यहां जिनके बीच विवाद हुआ है उन दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### पुलिस ने नौ लोगों पर दर्ज किया प्रकरण...

भावगढ़ में बुधवार की रात दो पक्षों में विवाद के बाद पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने फरियादी भवानी सिंह पिता जसवंत सिंह राजपूत की शिकायत पर अनिल भटेवरा, रामेश्वर राठौर, मुकेश कुमावत, उमेश कुमावत, राजू, मनीष खारीवाल, अर्जुन धमानिया, राहुल गायरी और एक अन्य सहित 9 व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और उपद्रव की स्थिति निर्मित करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## खेत के रास्ते को लेकर विवाद, तीन घायल

**मनासा, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम पड़दा में बुधवार को खेत के रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढने पर एक पक्ष ने लाठी-डंडों से दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि, एक महिला को मामूली चोट आई है। घटना से जुड़ा एक वीडियो गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जानकारी के मुताबिक वीडियो में एक पक्ष दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करता दिख रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मनासा के सरकारी अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक फरियादी शेखर पिता अशोक पाटीदार निवासी भाटखेड़ी की रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी ने बताया कि उसके खेत का रास्ता तीन माह पूर्व न्यायालय के आदेश से खोला गया था। लेकिन, पड़ोसियों ने फिर से रास्ता बंद कर दिया और कांटे-तार लगा दिए। बुधवार को जब वह ट्रैक्टर लेकर खेत पर गया, तो रास्ता रोककर गाली-गलौज और मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नारकोटिक्स सेल नीमच को मिली सफलता...

## 121 ग्राम एमडी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। नारकोटिक्स सेल इंदौर की नीमच इकाई द्वारा नशे के खिलाफ एक और प्रभावी कार्यवाही करते हुए 19 वर्षीय युवक को अवैध मादक पदार्थ 121 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान अमन शर्मा पिता रघुनंदन शर्मा, निवासी ग्राम धम्मा खेड़ी, थाना रठाजना प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर ठग 35 डक1226 भी जब्त की है।**

मुखबीर की सूचना पर नीमच नारकोटिक्स प्रकोष्ठ की टीम ने महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर घेराबंदी की। बताए गए हुलिए और मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर आरोपी अमन शर्मा को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 121 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22, 29 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी से मादक पदार्थ के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस सराहनीय कार्यवाही के लिए पुलिस टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। टीम में तेजेंद्र सिंह सेंगर (निरीक्षक), प्रधान आरक्षक जितेंद्र सोलंकी, आरक्षक राहुल जैन, आरक्षक जुझार सिंह, आरक्षक निरंजन सिंह और आरक्षक प्रशांत कैथवास ने मुख्य भूमिका निभाई।



## बार-बार मौसम बदलाव से मानव हो रहा बीमार

### उमस के बीच बारिश की संभावना, अगले महीने जाएगा मानसून

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कभी बारिश तो कभी बादल तो कभी तेज धूप और उमस, ऐसे अचानक बदलाव आम आदमी बीमार हो रहा है। नींद की समस्याएं, चिंता, तनाव और मूड स्विंग्स जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। साथ में सिरदर्द, बदनदर्द व जुकाम भी हो रहा है।

बदलते मौसम के कारण लोगों में मानसिक उथल-पुथल देखी जा रही है। ऐसे मौसम से मौसमी बीमारी के साथ सिरदर्द, बदनदर्द व जुकाम भी हो रहा है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की विदाई संभव है। पिछले 16 दिनों में जिले में एक इंच से कम बारिश दर्ज की गई। तेज धूप और उमस के कारण अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 27-28 सितम्बर को जिले के कई स्थानों पर तेज बारिश का हो सकती है। मौसम जानकारों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश का दौर बना हुआ है। अगले तीन-चार दिन इसका असर देखने को मिलेगा। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की विदाई हो सकती है। अगले 24 घंटों में इंदौर, उज्जैन संभाग के क्षेत्रों में बारिश का अनुमान है। जिले में गुरुवार सुबह तक 33.59 इंच (853 मीमी) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1310.74 फीट है।

## दुर्घटना में मौत पर बाइक सवार पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो माह बाद बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार गत् 20 जून 2024 को गुड़भेली गांव के निकट बाइक से गांव जा रहे भांगी पिपलिया निवासी विनोदसिंह की बाइक को बाइक (एमपी 14 एमजी 0341) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी थी, घायल का मंदसौर के बाद इंदौर में उपचार हुआ, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पिपलिया पुलिस ने मर्ग जांच के बाद टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ गुरुवार को प्रकरण दर्ज किया।




# अपराधों के इंडेक्स में भी आगे बढ़ता जा रहा है अपना देश ...

**मंदसौर/उज्जैन, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आम अपराधों के साथ नई टेक्नोलॉजी के कारण साइबर क्राइम भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नई प्रकृति के अपराध हैं और इसके अपराधियों को पकड़ने के लिए भी नई तकनीक के तरीके प्रयोग करने पड़ते हैं। भारत की बढ़ती आबादी, बढ़ते व्यवसाय, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण अपराधों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। अपराधों के इंडेक्स में 197 देशो में भारत का स्थान 79 होकर आगे बढ़ता जा रहा है । इनमें महिलाओं और बच्चों पर अपराध में भी प्रगति होती जा रही है ।

नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो के अनुसार खासकर महिलाओं के मामले में देश भर में जितनी भी घटनाएं होती है उनमें से 90 प्रतिशत की एफ आई आर ही दर्ज नहीं कराई जाती है। सामाजिक सर्वे अनुसार इज्जत और परिवार की मान मर्यादाओं के लिए भारतीय समाज में ऐसा वातावरण बना हुआ है। जब तब उनके साथ गंभीर अपराध घट जाने के बाद भी अधिकांश मामलों में उनका परिवार ही मामलों को दबाए रखने का पक्षधर होता है। इसलिए माना जा रहा है कि बलात्कार की प्रति साल सिर्फ 30 हजार रिपोर्ट होती है। इसके अलावा लाखों मामलो की इज्जत छुपाने के लिए रिपोर्ट ही नहीं लिखाई जाती है।


चन्द्रमोहन भगत

एनसीआरबी की 2 साल पुरानी रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख रेप केस रिपोर्टेड है। छोटी बच्चियों के साथ प्रकरणों में 2016 से 2022 तक 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 80 से 90 रेप केस प्रतिदिन और 100 से ज्यादा छोटे बच्चों के साथ हरकतें होती है। 28 से 30 हजार हत्याएं प्रतिवर्ष होती है अर्थात लगभग 78 प्रतिदिन। अपहरण के 1 लाख 7 हजार, फिरौती के लिए 294 प्रतिदिन मामले होते हैं। इनमें छोटी बच्ची बच्चों के प्रकरण शामिल है। नवजात बच्चों को तो अस्पतालों से ही चुरा लिया जाता है।

डिजिटल युग हो जाने के कारण साइबर अपराध भी रिकॉर्ड दर से बढ़ते जा रहे हैं। साइबर फ्राड के मामले बीते साल ही 15 लाख से अधिक थे। वर्तमान साल के अप्रैल माह तक 7 लाख 40 हजार हो चुके थे। इस गति से साल के अंत तक 25 लाख तक आंकड़ा पहुंच सकता है। जो ढाई लाख प्रति माह 09 हजार प्रतिदिन घटित होने वाला अपराध होगा। मध्य प्रदेश में एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार 2022-23 में 2900 बच्चों को पुलिस खोज नहीं पाई है। दुष्कर्म के 3039 मामले तथा शारिरिक शोषण के 1445, छेड़खानी के 3049, बच्चों से छेड़खानी के 5996, लूट के 1136 और धोखाधड़ी के 1600 मामले दर्ज हुए हैं। 2022 में मध्य प्रदेश में अपहरण के 10 हजार 563 मामले दर्ज हुए थे। कुल मिलाकर अपराध जगत में देश और प्रदेश प्रगति करता जा रहा है। जाहिर है इन सब के पीछे कुंठित बीमार मानसिकता, बेरोजगारी, अशिक्षा और सरकार एवं सामाजिक परिवेश की नजरंदाजी कारण रहें होंगे। कारण जो भी रहे होंगे या वर्तमान में है, उन्हें सामाजिक सोहाद्रता का वातावरण बनाकर अंकुश लगाकर ही देश-विदेश के इंडेक्स में छवि को सुधारा जा सकता है। इसके लिए सरकार को, सामाजिक संस्थाओं को अधिकार संपन्न भी बनाना पड़ेगा और संरक्षण भी देना पड़ेगा।

## विचार-मंथन

# चीन की पैठ से पड़ोसी देश परेशान



भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के संगठन क्वाड का यह छठवां शिखर सम्मेलन था, जिसमें चारों देशों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। अभी चार वर्ष हुए हैं इस संगठन को बने हुए। इस बीच दो आभासी माध्यम से बैठकें भी हो चुकी हैं। इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। इसमें 'कैंसर मूनशाट इनिशिएटिव' के जरिए हिंद प्रशांत क्षेत्र में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से जीवन बचाने के लिए साझेदारी और समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में 'क्वाड ऐट सी शिप आब्जर्वर मिशन' शुरू करना शामिल है। इसके जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। संभावित बीमारियों और महामारियों से पार पाने के लिए पहले से रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया है। निस्संदेह ये महत्वपूर्ण समझौते हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से पार पाना इस समय की बड़ी चुनौती है। क्वाड समझौते से निश्चय ही इस पर काबू पाने में काफी मदद मिल सकेगी। इसके अलावा, इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने के लिए किया गया समझौता बेहद अहम है। हिंद प्रशांत क्षेत्र विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्र है, जिसमें चार महाद्वीप शामिल हैं- एशिया, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल से सारे देश सतर्क हैं। दरअसल, चीन से मिलने वाली चुनौतियों से पार पाने के मकसद से ही क्वाड का गठन किया गया था। इस क्षेत्र में भारत की भूमिका अहम है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान चीन का मुकाबला करने के लिए दक्षिण चीन सागर तथा पूर्वी चीन सागर में भारत की उपस्थिति चाहते हैं। भारत भी अपनी सीमाओं और पड़ोसी देशों में चीन की पैठ से परेशान है। अमेरिका से उसकी तनातनी पुरानी है। ऐसे में, इन देशों के एक मंच पर उपस्थित होने से चीन को चुनौती देने में आसानी होगी। समुद्री सीमा के विस्तार और उसमें इन देशों के साझा सैन्य अभ्यास से चीन को रोकना आसान होगा। इस अर्थ में क्वाड का ताजा शिखर सम्मेलन कई अर्थों में ऐतिहासिक कहा जा सकता है। फिलहाल देशों की ताकत उनकी तकनीकी संपन्नता से आंकी जाने लगी है। इस मामले में चीन अनेक मामलों में अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया से बहुत आगे है। खासकर सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में फिलहाल पूरी दुनिया में उसका दबदबा है। अमेरिका ने पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में काफी तरक्की की है, पर अब भी वह चीन से काफी पीछे है। भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में बहुत तेजी से कदम आगे बढ़ाया है, मगर उसके सामने कई अड़चनें बनी हुई हैं। दो कंपनियों ने इसमें निवेश का उत्साह दिखाया था, मगर उन्होंने अपने कदम वापस खींच लिए। तीसरी कंपनी को विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो फिलहाल उपलब्ध नहीं हो पा रहे। ऐसे में क्वाड सम्मेलन में इस क्षेत्र में शोध और शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा से निश्चय ही उल्लेखनीय नतीजे आने की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि सम्मेलन के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है। हम क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं। पर इस वास्तविकता से इनकार नहीं किया जा सकता कि क्वाड की सक्रियता से चीन की चिंता तो बढ़ी है।

# मणिपुर में जातीय हिंसा राज्य और समाज की विफलता

**अंशुमन बेहरा**

इसके बाद मणिपुर में कई और ऐसे ही हमले हुए, जिससे पता चलता है कि अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से संघर्ष और बढ़ गया है. राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से हिंसा की प्रकृति में आए इस बदलाव ने प्रभावी संघर्ष समाधान की जरूरत को कम कर दिया है. हिंसा के मूल कारणों और सामाजिक प्रतिक्रियाओं को संबोधित करने के बजाय इन हथियारों के स्रोतों की जांच करने पर ज्यादा ध्यान दिया गया है. मैतेई-कुकी संघर्ष के प्रति राज्यों की प्रतिक्रिया काफी हद तक अपर्याप्त रही है. दृष्टिकोण मुख्य रूप से सुरक्षा-केंद्रित रहा है, जिसमें कर्फ्यू और इंटरनेट निलंबन जैसे कानून-व्यवस्था के उपाय हिंसा को रोकने के लिए किए गए हैं. हालांकि ये रणनीतियाँ पारंपरिक हैं, लेकिन वे संघर्ष के अंतर्निहित मुद्दों के बजाय लक्षणों को संबोधित करती हैं.29 जून 2024 को मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के दावों के बावजूद कि संघर्ष जल्द ही हल हो जाएगा, सितंबर में हुई हिंसा में वृद्धि इन आश्वासनों का खंडन करती है. सुरक्षा संबंधी चिंताओं में कथित तौर पर कुकी द्वारा समर्थित म्यांमार से अवैध प्रवास, कुकी-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में अफीम की खेती और उग्रवादी समूहों को हथियार सप्लाई करने वाले बाहरी तत्व शामिल हैं, सरकारों द्वारा पहचान की गई है जिन्हें संबोधित करने के लिए प्राथमिकता दी गई है. हालांकि ये चिंताएं वैध हैं, लेकिन राज्य की प्रतिक्रिया प्रभावी हस्तक्षेप के बिना पहचान तक ही सीमित रही है. मुख्यमंत्री



का यह आश्वासन कि संघर्ष समाधान एनडीए-3 सरकार की 100 दिवसीय योजना का हिस्सा था, जो 4 जून को शुरू हुई थी। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे लोगों ने इसकी घोर विफलता के रूप में आलोचना की है. मणिपुर में नागरिक समाज संगठनों, जैसे कि मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति (ह्रह्लह्लह्) ने मणिपुर के स्वदेशी लोगों के विनाश में कथित भूमिका के लिए केंद्र सरकार की निंदा की है. संघर्ष में शामिल दोनों समुदायों की ओर से प्रतिक्रिया भी कम रही है. शांति बहाल करने के उद्देश्य से सार्थक अंतर-समुदाय संवाद शुरू करने के लिए न्यूनतम प्रयास किए गए हैं. कुकी इनपी, कुकीज की सर्वोच्च संस्था ने जुलाई 2024 में घोषणा की कि कुकीज और मैतेई के बीच कोई शांति वार्ता नहीं चल रही है. कुकीज की ओर से इस तरह के बयान से पहले सीएम ने बयान दिया था, जिसमें कहा गया था कि मैतेई और कुकीज के बीच शांति वार्ता से मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता प्रभावित नहीं होनी चाहिए. हालांकि, 1 अगस्त को जिराबाम जिले में हमार (कुकी उप-समूह) और मैतेई के बीच शांति बैठक हुई, लेकिन इससे कोई ठोस परिणाम नहीं निकला. इसके बजाय, दोनों पक्षों के सामुदायिक संगठन अपनी मांगों को लेकर सख्ती से आगे बढ़ रहे हैं. कुकी संगठनों द्वारा अलग क्षेत्रीय या प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जोर देना उतना ही विवादास्पद है, जितना कि मैतेई समूहों द्वारा कुकी के स्वदेशी होने के दावे पर सवाल उठाना. मणिपुर की %क्षेत्रीय अखंडता% को बनाए रखने के मैतेई कथन ने अंतर-समुदाय तनाव को और बढ़ा दिया है. कुकी द्वारा अलग क्षेत्र की मांग को कुकी उप-समूहों के बीच ऐतिहासिक संघर्षों द्वारा चुनौती दी जाती है, जो ऐसी मांग की वैधता को कमजोर करता है. इसके अलावा अप्रैल 2024 में भारत-म्यांमार सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था को हटाने के राजनीतिक निर्णय ने तनाव को बढ़ा दिया है. विशेष रूप से इसने कुकी को प्रभावित किया है.

## क्या हरियाणा में हुड्डा बनाम सैलजा में थमा गया टकराव?

**पवन उप्रेती**

दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा में चुनाव प्रचार पूरे जोर-शोर से चल रहा है लेकिन सत्ता में आने का दावा कर रही मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपना दौरा रद्द कर दिया। यह तय था कि खड़गे सोमवार को अंबाला और करनाल में चुनावी रैलियां करेंगे लेकिन वह दोनों चुनावी रैलियों में नहीं पहुंचे। इसके पीछे भले ही खड़गे के खराब स्वास्थ्य को वजह बताया जा रहा है लेकिन राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा बहुत तेज है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद सिंह हुड्डा और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा के बीच चल रही तनातनी और मनमुटाव की वजह से ऐसा हुआ है। खड़गे के चुनावी रैलियों में न आने की वजह से निश्चित रूप से हरियाणा में सियासी चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया है। हरियाणा में मतदान की तारीख अब दूर नहीं है। 5 अक्टूबर को वोटिंग होनी है और उससे ठीक पहले पार्टी के भीतर भूपेंद हुड्डा बनाम कुमारी सैलजा के बीच संघर्ष की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। यहां याद दिलाना होगा कि सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा 12 सितंबर से पार्टी के चुनाव प्रचार से नदारद हैं। कुमारी सैलजा की नाराजगी की खबरों को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। यहां तक कहा जाने लगा था कि कुमारी सैलजा कांग्रेस का साथ छोड़ सकती हैं और बीजेपी में जा सकती हैं। लेकिन इस बीच उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की है। यह मुलाकात रविवार रात को हुई है। कांग्रेस के सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि कुमारी सैलजा ने मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत में कई मुद्दों को उठाया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से कहा है कि किस तरह उन्हें और पार्टी के अन्य नेताओं को पार्टी का घोषणा पत्र बनाते वक्त, उम्मीदवारों के चयन के वक्त नजरअंदाज किया गया है। कुमारी सैलजा ने पार्टी अध्यक्ष को यह भी बताया कि उनके और पार्टी के योग्य कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी के मंच से दूर रखा गया है। खड़गे से मुलाकात के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर बताया कि कुमारी सैलजा 26 सितंबर से पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। कुमारी सैलजा के चुनाव प्रचार में नहीं आने से निश्चित रूप से पार्टी के चुनाव अभियान पर असर पड़ रहा है।

# लोकतंत्र में टूटते बिखरते सपने...

**सुरेश सेठ**

देश ने लोकतंत्र का संकल्प वहन करते ही गरीब और अमीर के बीच भेद मिट जाने का सपना देखा था। यानी प्रासाद और झोपड़ियां गलबहियां डालेंगे। लेकिन नतीजा प्रासादों की बढ़ती संख्या के साथ झोंपड़ियों के धूल-धूसरित हो जाने के रूप में सामने आया। चोर गलियों के ठेकेदारों ने इसमें अहम भूमिका निभाई। देखते ही देखते चोर गलियों के ठेकेदार वर्षों से महाआदर्शवाद और नैतिकता के सर्वोपरि हो जाने की कसमें खाते नजर आने लगे। रास्ता सीधा था। आम के आम रहें और गुठलियों के दाम मिल जाएं। चोर गलियों में संक्षिप्त रास्ते की संस्कृति का बोलबाला रहे, हथेली पर सरसों उगती रहे और ठेकेदार सत्ता का उपचार करते हुए नजर आएं। बड़े-बड़े बोलों से, आदर्शवादी तर्कों से और अबाध गति से प्रसारित होते अपने भाषणों से। मगर चोर गलियां तो चोर गलियां ही रहती हैं। विडंबना की इंतिहा हो गई। ठेकेदार चोर गलियों के हैं, हमसे नाराज हैं, क्योंकि हम बनावटी कमी से लेकर पिछले दरवाजे से होते सौदों की हां में हां मिलाने से इनकार करने लगे थे। ऐसा होना ही था, क्योंकि हम सही को गलत कह कर उसका महिमामंडन नहीं कर सकते थे और आदमी का बच्चा होकर शाम के झुटपुटे को रात नहीं कह सकते थे। हम कोई भोंपू नहीं थे कि मध्यरात्रि को रात का आगाज कह दें। इतना भी कह देते, लेकिन चढ़ते सूरज की रोशनी को हम अंधेरे की आमद तो नहीं कह सकते थे! इसलिए अब उनके उपहास का पात्र हो गए हैं। ऐसा बार-बार होता रहा है। सबसे पहले उन्होंने कुर्सी संभालते ही हमें अच्छे दिन लाकर देने का वादा किया था। अब इस उपेक्षित जिंदगी का बोझ ढोते हुए हमें अपनी जिंदगी घसीटने की आदत हो गई है। काफी अवसादग्रस्त माहौल हमने रच दिया है। सीधा-सादा यह भी कह सकते थे कि आधी रात तक बत्ती जला-जला किताबों में मगजपच्ची करके हासिल की हुई डिग्रियां हमारे किसी काम नहीं आईं। इनके बगैर भी बहुत से लोग बेकार घूम रहे थे, इन्हें हासिल करके उनकी श्रेणी में ही चले आए। भरपेट खाने को अन्न न पहले मिलता था, न अब मिलता है। फिर एक जून भोजन और दूसरे जून ठंढा पानी पीकर जीने वाले लोगों की गिनती गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले लोगों में होती है। आंकड़े बताते हैं, देश निरंतर प्रगति कर रहा है। गरीबी रेखा से नीचे जीने वालों का आंकड़ा निरंतर कम होता जा रहा है। फिर ये कौन लोग हैं जो महामारी से प्रकंपित



होकर लगी लगाई नौकरियां खो बैठे? विषाणु के संक्रमण से करोड़ों लोगों को बचाना था, इसलिए जिससे पूरे देश के काम-धंधे को फालिज मार जाए, ऐसी पूर्णबंदी घोषित कर दी गई। क्यों? जो एक जून भोजन और दूसरे जून सब्र का प्याला पी रहे थे, वे भोजन से तो उखड़े ही, शहरों से बेकाम होकर अपने गांव की ओर लौट चले। वहां से आसरा न पा फिर शहर की ओर लौटने की प्रक्रिया में वे न इधर के रहे और न उधर के रहे। ऐसे लोगों को भाग-दौड़ में छोड़, बाकी भूखों को गिना तो आंकड़ा पहले से कम निकला। बस फिर क्या था, अच्छे दिन जल्द लौट आने की घोषणा कर दी गई। किसी को मनरेगा देकर बेकारी का खात्मा कह दिया। भूख से हायतौबा मचाते लोगों को मुफ्त लंगर की कतार में खड़ा कर दिया। कोहराम और मचा, तो इस कतार की जिंदगी को लंबा करने की घोषणा कर दी। दरियादिल हैं इस बस्ती के लोग। ऐसे मुफ्त लंगर बांट-बांट कर वे भुखमरी खत्म करते हैं और परिवार के एक व्यक्ति को मनरेगा रोजगार दे कहते हैं, लो जी बेकारी पर प्रहार हो गया। अब भला अच्छे दिन आने में देर ही कितनी है? घोषणाएं तो घोषणाएं ही होती हैं। मनरेगा कार्ड फर्जीवाड़े के धुरंधरों ने हथिया लिया, और मुफ्त लंगर या रियायती दरों पर बंटने वाला अनाज लक्ष्य तक पहुंचा ही नहीं। राजनीति के चतुर सुजान तो गरीबी हटाओ के इन दावों से भरे अभियान की सफलता से प्रसन्न हो अपने नाती-पोतों के लिए गद्दियां सुरक्षित करने में लग गए। आखिर इस देश को सोने की चिड़िया भी तो बनाना है और देश की सूखी धरा पर दूध और घी की नदियों को भी बहाना है। सोने की चिड़ियां चहचहाने तो लगीं, लेकिन उनके पिंजरे बहुमंजिली इमारतों के गलियारों में लग गए। अब दिक्कत न लोगों को समझ आती है और न उसे लोग बता पाते हैं। तो चोर गलियों के मसीहा उपहास ही उड़ाएंगे और कहेंगे कि 'कहते हैं लोग भूख और गरीबी से तंग आकर अत्महत्या कर रहे हैं, अब इन्हें कैसे बताएं कि मरने वाले दुसाध्य रोगों का शिकार थे।

# आतंकी नजरें और मीरजाफरों की फौज

देश-दुनिया में आतंक का साय गहराता ही जा रहा है। हथियारों के सौदागर अपने उत्पादनों की बिक्री के लिए नित नये बाजार तैयार करने में जुटे हैं। वैध ढंग से कहीं ज्यादा अवैध ढंग से हथियारों की हो रही बिक्री ने जीवन के सामने चुनौतियां प्रस्तुत कर दी है। आतंकियों के खेमों में हथियारों की आपूर्ति करके राष्ट्रों के सामने सक्षम होने की मजबूरी पैदा की जा रही है। अहंकार के दावानल ने वर्चस्व की जंग शुरू कर दी है। मानसिक दुर्बल लोगों को भड़काने के लिए लालची मीरजाफरों की जमातें तैयार की जा रहीं हैं। कहीं मजहबी हुकूमत का सगूफा फैलाया जा रहा है तो कहीं सीमायें बढ़ाने की जद्दोजेहद हो रही है। ताकत की दम पर सल्तनत हथियाने की तालीम देने वालों में अमेरिका, फ्रांस, चीन, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश हमेशा से ही अग्रणीय रहे हैं। हालिया हालातों में इजराइल के साथ हो रहे हिजबुल्लाह के युध्द में अब फ्रांस ने आमद दर्ज कर दी है। लेबिनान के साथ संबंधों की दुहाई पर उसकी सक्रियता इजराइल के साथ कथित रूप से खड़े अमेरिका के लिए बाहर से दिखने वाली एक चुनौती है। ऐसी ही चुनौतियां दिखाकर अन्य देश सहानुभूति की मरहम के नाम पर खूनी चालें चल रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका ने जहां अफगानस्तान, यूक्रेन, पाकिस्तान, बंगलादेश जैसे राष्ट्रों को मानसिक गुलाम बना लिया वहीं चीन की कुटिल चालों में श्रीलंका, म्यांमार, ताइवान, मालदीप, नेपाल, पाकिस्तान जैसे देश पूरी तरह फंस चुके हैं। वे चाहकर भी उसे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ईरान से लेकर कतर तक, तुर्की से लेकर सीरिया तक आतंक की पाठशालाओं में वहां की सरकारें अपने छद्मम्वेशधारी सेनायें तैयार करने में जुटी हैं। अत्याधुनिक हथियार, नवीनतम तकनीक और कुशल प्रशिक्षण के साथ-साथ भारी मात्रा में धनराशि मुहैया कराई जा रहीं हैं। कहीं हिजबुल्लाह सक्रिय है तो कहीं हूती, कहीं हमास का बोलबाला है तो कहीं अलकायदा। कहीं इस्लामिक स्टेट का फतवा जारी होता है तो कहीं जमात नुसरत अल-इस्लाम वल मुस्लिमीन लहू डूबी कलम से वर्तमान लिखने लगता है, कहीं अल शबाब की गोलियां चलतीं हैं तो कहीं लश्कर-ए-तैयबा के धमाके गूंजते हैं। कहीं अल-नुसरा फंट के जहर बुझे हथियार लोगों की जानें लेते हैं तो कहीं जेमाह इस्लामिया की बारूद से सांसें खामोश होतीं हैं, कहीं अबू सय्याफ के फरमान जारी होते हैं तो कहीं बोको हराम के हमले होते हैं। समूची दुनिया को आतंक के झंडे तले झुकाने की कोशिश में लगे खास मुल्क और उनके खास सरपरस्तों की घातक चालें अब लाशों के कारोबार को बुलंदी पर पहुंचाने में लग गईं हैं। दूसरी ओर देश के अन्दर के हालात भी भीतर-भीतर सुलगती जा रही बारूद बनते जा रहे हैं। म्यामांर के रास्ते आतंकियों ने मणिपुर में कुकी बनकर पहाड़ों में बंकरों का निर्माण शुरू कर दिया है। गुप्त सूत्रों की मानें तो सीमापार से 900 प्रशिक्षित आतंकियों ने राकेट लांचर, ड्रोन, मिसाइल सहित अत्याधुनिक हथियारों के साथ मणिपुर में आमद दर्ज कर ली है। इन घुसपैठियों ने 30-30 के समूहों में विभक्त होकर पूरे इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है। आतंकियों के नेटवर्क के साथ वहां के अनेक प्रशासनिक अधिकारियों के कदमताल करने की चर्चायें भी जोरों पर है जो केन्द्रीय बलों को सहयोग देने के स्थान पर भ्रमित करके षडयंत्रकारियों के मंसूबे पूरे करने में लगे हैं। ऐसे ही हालात जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिलते हैं जहां पाकिस्तान के दहशतगर्द देश के मीरकासिमों के सहयोग से अपने पांव फैला बैठे हैं।हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी श्रीशानन्द ने बैंगलुरु के बाजार से गोरीपाल्या तक मैसूर रोड फ्लाइओवर के भू भाग को पाकिस्तान में होने जैसी स्थिति का खुलासा करके कटु सच्चाई की ओर देश का ध्यानाकर्षित किया है।

# कंजर और बांछड़ा समुदाय का देश पर बड़ा उपकार

**प्राण दे दिए, अपनी पहचान मिटाई, देश का नाम आगे बढ़ाया, कंजर बांछड़ा समुदाय का पारिवारिक मिलन सम्मेलन सम्पन्न**

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कंजर और बांछडा समुदाय का इस देश पर बहुत बड़ा उपकार है।इन समाजों ने स्वयं अपनी पहचान मिटाई और देश के नाम को आगे बढ़ाया। स्वतंत्रता के आंदोलन में अपने प्राणों की आहुतियां दे दी। यह विचार सांसद सुधीर गुप्ता ने श्री जोगणिया माता सेवा समिति प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के तत्वावधान में में बंजारी बालाजी मंदिर परिसर में कंजर और बांछडा समुदाय के मिलन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

श्री गुप्ता ने कहा कि जब कंजर और बांछडा समुदाय की कुल परंपरा का गहन अध्ययन किया गया तो जो तथ्य सामने निकल कर आए हैं वह रोमांचित कर देने वाले हैं। इनके पूर्वजों ने हिंदू समाज के लिए धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। निश्चित रूप से इनके पुरखों का बलिदान देश पर किया गया उनके समुदाय का बहुत बडा उपकार है।सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि श्री बंजारी बालाजी मंदिर का यह परिसर समरसता का तीर्थ बन गया है श्री रवि प्रकाश बुंदेला जी देव तुल्य कार्य कर रहे हैं जो बहुत ही सराहनीय है।





जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो सभी तरह की विकृतियों से किसी भी समाज को मुक्त कर सकता है। चूंकि मैं पूर्व में जावरा में पदस्थ रहा हूं तो मुझे इस क्षेत्र में बांछडा और कंजर समुदाय के बारे में पूरी जानकारी है। इस बारे में मेरे बड़े अच्छे अनुभव रहे हैं। मैंने यह महसूस किया है कि इन समाजों को शिक्षित करना बहुत आवश्यक है। शिक्षा से इनकी सोच का दायरा बढ़ेगा और अभी इनके समझ में जो स्थितियां है कि मजदूर का बेटा मजदूर ही बने उसमें बदलाव आएगा। शिक्षा से ये कुछ नया कर पाएंगे और अपने बच्चों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के उपेक्षित समाजों को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों की प्रशंसा की।

कंजर बांछडा समाज परिवार मिलन युवा सम्मेलन के सूत्रधार रवि प्रकाश बुंदेला ने कहा कि शासन ने घुमंतु अर्ध घुमक्कड समुदाय और उपेक्षित समाजों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई है जिनके प्रति इन समाजों में जागरूकता लाने का प्रयास प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत द्वारा लगातार किया जा रहा है। बांछडा समुदाय के लडकों में जागरूकता लाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रयोग सफल रहा है कई लड़के नौकरियों में लगे हैं। और समाज के मुख्य धारा में यह समुदाय जुड़ने लगा है। श्री बुंदेला ने कहा कि कंजर समुदाय एक ऐसा समाज है जिनके पूर्वजों ने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में इस देश की आजादी के आंदोलन में भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता पं. मिथिलेश नागर ने कहा कि किसी भी उपेक्षित समाज को मुख्य धारा से जोड़ना यानी उन्हें सनातन परंपरा से जोड़ना है।निश्चित रूप से कंजर और बांछडा समुदाय जो किन्हीं परिस्थितियों से विवश होकर कतिपय ऐसी गतिविधियों में लग गया जो समाज की दृष्टिमें शोभनीय नहीं होती है किंतु इनका जो गौरवपूर्ण इतिहास सामने आया है वह बताता है कि वास्तव में इनकी जड़ों में वे संस्कार हैं जो इनके शौर्य की ऐतिहासिक गाथा को व्यक्त करते हैं। सम्मेलन को जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मे उपेक्षित कहे जाने वाले इन समाज के युवाओं में वे सभी प्रतिभाएं हैं जो सभी समाजों के युवाओं में होती है इन्हें यदि अवसर मिल जाए तो यह अपनी प्रतिभा को सिद्ध कर सकते हैं और यह इन्होंने करके भी दिखाया है। सम्मेलन को संयोजक रुपदेव सिंह सिसोदिया जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद पाटीदार, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता मुकेश काला आदि ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक दशरथ सिंह झाला भी सम्मेलन में उपस्थित हुए और अपनी शुभकामनाएं दी। आरंभ में अतिथियों ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों का स्वागत यशोधर्मन गुप्ता एड .बंटी दायमा, वासुदेव धनगर, संदीप हाडा, मुकेश दायमा, शिवराज चौहान, दीपेंद्र सागाखेडा आदि ने किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार समाजसेवी विनोद मेहता ने माना।

### उपमुख्यमंत्री देवड़ा समरसता भोज में हुए शामिल

श्री बंजारी बालाजी मंदिर परिसर में सम्मेलन के पश्चात चल रहे समरसता भोज के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा भी यहां पहुंचे और उन्होंने सम्मेलन के सूत्रधार रवि प्रकाश बुंदेला को इस सफल आयोजन की बधाई दी तथा बांछडा व कंजर समुदाय के जो यहां समाज जन उपस्थित हुए उन सबसे मिलकर उनसे समाज की मुख्य धारा में जुडे रहने का आह्वान किया।



# पत्रकारों को धमकी देने पर रेत माफिया के खिलाफ एसपी को सौंपा ज्ञापन, पत्रकारों में आक्रोश

**नीमच, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** रेत माफियाओं द्वारा पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने को लेकर आज पत्रकारों ने एकजुट होकर एसपी अंकित जायसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकारों पर सार्वजनिक अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने वाले रेत माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की गई।

दरअसल बुधवार को अवैध रेती परिवहन और भंडारण को लेकर कलेक्टर के निर्देशों पर खनिज विभाग द्वारा कारवाई की जा रही थी। कारवाई के दौरान पत्रकार साथियों द्वारा मौके प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही का कवरेज किया जा रहा था। इसी दौरान शाम करीब 5 बजे स्कीम नंबर 34 में जब रेत के ढेर हटाने की कार्रवाई की जा रही थी, तब वहां मौजूद पत्रकारों से आशीष रेत माफिया द्वारा कहा गया कि जितना फोटो लेने हैं ले लो, जितनी खबरें छापने हो छाप लो तुम पत्रकारों से मैं बिल्कुल नहीं डरता, मैं पुलिस को अपनी जेब में रखता हूं अभी थोडी देर पहले पुलिस को 50 हजार देकर आया हूं और ध्यान रख लेना तुम पत्रकारों से तो मे एक-एक चुन चुन कर बदला लूंगा, तुम नहीं जानते मेरे ट्रक डंपर मुख्य मार्गो पर चलते हैं किसी भी दिन कोई अनहोनी तुम लोगों के साथ हो सकती है।

पत्रकारों ने एसपी अंकित जायसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए रेत माफिया द्वारा संविधान के चौथे स्तंभ के साथ की गई इस तरह की बदसलूकी और धमकी को गंभीरता से लेकर आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। पत्रकारों की चर्चा को पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल ने गंभीरता से सुना और जिला कलेक्टर के साथ समन्वय बिठाकर ऐसे रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पत्रकार हरीश अहिर, कपिल सिंह चौहान, विष्णु परिहार, संजय यादव, पंकज श्रीवास्तव, भारत सौलंकी, मनीष बागडी, विश्व देव शर्मा, राकेश मालवीय, मनीष कौशल, महेश जैन, प्रितेश सारडा, बबलू किलोरिया, दीपक खताबिया, अफजल कुरैशी, पंकज मेनारिया, पवन शिंदे, अविनाश जाजपुरा, शैतान कच्छावा, राहुल मेघवाल, इमरान खान, प्रवीण गोस्वामी, आशीष बंग, विनोद गोठवाल, कुनाल मारु, मौनु सोनी, राहुल परिहार सहित कई पत्रकार उपस्थित थे।

## छात्रों ने करियर फेस्ट में जाना सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। वात्सल्य स्कूल द्वारा करियर फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों और 10 से अधिक यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। करियर फेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के मूलमंत्र को जाना। यूनिवर्सिटी और संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। फेस्ट के दौरान कई वर्कशॉप्स, सेमिनार्स और इंटरव्यू सेशन आयोजित किए गए। वात्सल्य स्कूल द्वारा आयोजित कॅरियर फेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी लोगों के साथ दस प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थों के प्रतिनिधि मौजूद थे। जिनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त संस्थान शामिल थी। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी, अशोका यूनिवर्सिटी , फ्लेम यूनिवर्सिटी , एमआईटी डब्ल्यूपीयू यूनिवर्सिटी, आरवी यूनिवर्सिटी , कर्णावती यूनिवर्सिटी , आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी , सिम्बोय्सिस यूनिवर्सिटी , चितकारा यूनिवर्सिटी आदि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि द्वारा विभिन्न विषयों और कोर्सो के बारे में छात्रों को जानकारी दी। साथ ही उन्हें प्रवेश प्रक्रिया, स्कॅालरशिप और भविष्य के अवसरों के बारे में भी मार्गदर्शन किया। छात्रों को इन विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों से व्यक्तिगत रूप से संवाद करने का अवसर मिला। करियर फेस्ट में करियर काउंसलिंग, इंटरव्यू तकनीक, रिज़्यूम लेखन और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मौजूद छात्रों और युवाओं ने प्रश्नों के माध्यम से करियर के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

### महिला को पीटा, केस दर्ज

पिपलियामंडी, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। महिला के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बालागुढा निवासी कविता प्रजापत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गुरुवार को दोपहर पुखराज बागरी की भैंसे मेरे खेत में घुस गई। मैंने मना किया तो गाली-गलौज कर पत्थर फेंके, जिससे दांत टूट गया व होठ पर चोंट आई। पुलिस ने पुखराज के खिलाफ केस दर्ज किया।

# संभाग बनाने की मांग को जनता का मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन

### मुख्य डाकघर को एक लाख पोस्टकार्ड का आर्डर दिया गया आज मात्र 3000 पोस्टकार्ड ही मिले मन्दसौर में



मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर नागरिक मंच आप और हम इस बैनर के तले मंदसौर संभाग बनाओ अभियान की बड़ी बैठक के बाद इसी दिशा में अन्य गतिविधियां भी आरंभ की जा रही है। क्योंकि नगर पालिका सभागार की बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित नगर वासियों ने संभाग की मांग की पहल का पुरजोर समर्थन किया है और हर चरणबद्ध आंदोलन को समर्थन देने का वचन दिया है। तो इस आंदोलन को गति देते हुए एक लाख पोस्टकार्ड का आर्डर मंदसौर नागरिक मंच द्वारा मुख्य डाकघर अधीक्षक को दिया गया है। इस अभियान के समन्वयक नरेन्द्र अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी जब नगर के दोनों ही पोस्ट ऑफिस से पोस्टकार्ड क्रय करने के लिए गए तो मुख्य डाकघर में मात्र 3000 पोस्टकार्ड ही मिले और सिटी पोस्ट ऑफिस में तो मात्र 100 से 150 पोस्टकार्ड ही उपलब्ध थे। जबकि आवश्यकता 1 लाख पोस्टकार्ड है। चूंकि 75 हजार पोस्टकार्ड की प्रायोजना की घोषणा तो बैठक में ही हो गई थी और उसके बाद भी लगातार यह क्रम जारी है। अक्टूबर माह में 1 लाख पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री के नाम संभाग बनाने की मांग को लेकर भेजे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लिखित में मुख्य डाकघर अधीक्षक को एक लाख पोस्टकार्ड का आर्डर दिया गया।

मंदसौर नागरिक मंच आप और हम के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल और ब्रजेश जोशी ने बताया कि संभाग बनाओ अभियान को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। 2 अक्टूबर को गांधी चौराहे पर पोस्टकार्ड के महा अभियान की शुरुआत की जाएगी। नगर वासियों सेवा संगठनों और संस्थाओं से यह भी निवेदन किया गया है कि मंदसौर को संभाग बनाने की मांग के इस अभियान के साथ फिलहाल और कोई अन्य मांग ना जोड़ें फिलहाल मंदसौर नागरिक मंच आप और हम केवल मंदसौर को संभाग बनाने की मांग को लेकर ही इस अभियान को चला रहे हैं।

## डिप्टी कलेक्टर एवं श्रीमती श्रीवास्तव ने किया कस्तुरबा बालिका छात्रावास का निरीक्षण

नीमच, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिह धार्वे एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ.रश्मि श्रीवास्तव ने गुरूवार को नीमच विकासखण्ड के हरवार में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होने छात्राओं से चर्चा की। भोजन की गुणवत्ताओं को भी परखा।



## भानपुरा पीठाधीश्वर पूज्य जगद्गुरु ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने मंदसौर को संभाग का दर्जा दिलाने के प्रस्ताव का किया समर्थन

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर को संभाग बनाए जाने का भानपुरा पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्य ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने भानपुरा पीठ के सत्संग सभागार में पूज्य शंकराचार्यजी ने अपने श्री मुख से शिव पुराण कथा के दौरान मंदसौर को संभाग बनाने के लिए जनता की ओर से जो अपील की जा रही है इसका पुरजोर समर्थन किया।

आपने कहा कि मंदसौर और नीमच जिले के एक तरफ भानपुरा और दूसरी तरफ जावद सिंगोली काफी दूर है जिससे आम नागरिकों को ऑफिस अपनी समस्याओं को लेकर उज्जैन जाना काफी लंबा पडता है समय भी काफी लगता है। इस दृष्टिकोण से आम जनता की सुविधा को देखते हुए तथा क्षेत्र के पूर्ण विकास के लिए मंदसौर को जो सर्व सुविधा युक्त है संभाग का दर्जा अवश्य दिया जाना चाहिए शिव पुराण कथा में पूज्य शंकराचार्य जी ने भगवान पशुपतिनाथ के शिव पुराण के आधार पर शिव प्रतिमा के आठ मुखों का जल पृथ्वी सूर्य चंद्रमा अग्नि आदि के रूप में विशद् वर्णन किया। आपने संपूर्ण संसार को शिव शक्ति मय बताते हुए कहा कि शिव यदि दिन है तो पार्वती रात्रि है शिव यदि वृक्ष है तो पार्वती लता है आपने कहा भगवान पशुपतिनाथ ही हमारे बंधनो को मुक्त करने वाले औढर दानी कहां गया है इसीलिए उन्हें महादेव कहा जाता है जिन सतोगुण रजोगुण और तमोगुण से सृष्टि की रचना हुई है यह तीनों भगवान शिव के स्वरूप हैं अग्नि का स्वरूप जिस प्रकार प्रकाशक और दाहक है इसी प्रकार भगवान शिव हमारे अंत:करण में जब ज्ञान की आवश्यकता होती है प्रकाशक बनकर के हमारे अंत:करण में ज्ञान को जागृत प्रकाशित करने के लिए प्रकाशक और अज्ञान आदि विकारों को नष्टकरने के लिए हक के रूप में प्रकट हो जाते हैं बड़ी संख्या में कथा में महिला पुरुष शिव भक्त कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। 26 दिसंबर को मंदसौर से श्री चौतन्य आश्रम मेन पुरिया के युवाचार्य संत पूज्य मणीमहेश चेतन्य जी महाराज के साथ चौतन्य आश्रम लोक न्यास के सचिव रुपनारायण जोशी, पतंजलि योग गुरु बंसीलाल टांक, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल संगवानी ने भी कथा श्रवण और शंकराचार्य जी के आशीर्वाद का लाभ लिया।

## श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मण्डल द्वारा कल की जाएगी संजा की पूजन आरती

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मालवा की माटी में रची बसी विलुप्त होती संस्कृति संजा से वर्तमान पीढ़ी को रुबरु कराने के उद्देश्य से श्री जांगडा पोरवाल समाज महिला मंडल विगत कई वर्षो से एक दिवसीय गाय के गोबर से संजा बनाकर संजा के गीत गा कर पूजन अर्चन व आरती का आयोजन करती आ रही है।इसी तारतम्य में इस वर्ष भी 28 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से पोरवाल छात्रावास में सोलह दिनों की संजा व संजा का किला कोट बना कर पूजन अर्चन व आरती का आयोजन रखा गया है। अध्यक्ष कुसुम सेठिया, कोषाध्यक्ष रेखा उदिया, सचिव प्रमिला संघवी व प्रकल्प प्रभारी शांति फरक्या, सुमित्रा सेठिया, वंदना रत्नावत, सुशीला मोदी, गीता धनोतिया, ललिता सेठिया, सुधा फरक्या, निर्मला मांदलिया, गीता पोरवाल, विजयलक्ष्मी महाजन, सरोज रत्नावत, ममता रत्नावत, मिल्की डबकरा, निधि गुप्ता समाज की समस्त महिलाओं व बच्चों से अपील करती हैं की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी संस्कृति को पुनर्जीवित करने के इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी प्रिया फरक्या ने दी।

# जीवन मे कभी लालच नहीं करना चाहिए-संत चैतन्यजी महाराज



मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जीवन में छोटी सा लालच भी कभी कभी बहुत बडी दुर्घटना को जन्म दे देता है आप सभी उसी लालच के कारण यहाँ हो और परिणाम भुगत रहे हो।

उक्त विचार मेन पुरिया आश्रम के सन्तश्री मणि महेश चेतन्य जी महाराज ने जिला जेल में जीवन परिवर्तन विषय पर सारगर्भित तत्व विवेचन करते हुए जेल में बंदी निरुध्द भाइयों को कहे। आपने सभी से जेल से छूटने के बाद भविष्य में जीवन को कैसे सफल बनाते हुए समाज में एक आदर्श व्यक्ति की तरह जीवन बिताते हुए खुद सुखी जीवन व्यतीत करें और दूसरों को अपने परिवार को भी सम्मान दिला सके आपने कैदियों से संकल्प दिलाते हुए कहा कि अब भी समय हैं यहां से यह संकल्प लेकर जाओ की जीवन में अब कभी कोई भी ऐसा काम नहीं करोगे जिससे फिर से यहां जेल में आना पडे संकल्प लो अब यहाँ से छूटने के बाद फिर वापस यहाँ नही आयेंगे ओर कभी ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिसे खुद के साथ परिवार की समाज में बदनामी हो प्रवचन समाप्ति पर संत श्री ने सभी के मंगल कल्याण की भावना करते हुए शुभ आशीर्वाद दिया।

स्वागत उद्बोधन जेल अधीक्षक पी के सिंह ने देते हुए कहा कि हम सब का सौभाग्य है सन्तश्री ने छोटे से आग्रह पर स्वीकृति देते देते हुए भविष्य में एक अच्छे इंसान की तरह जीवन व्यतीत करने का आप सभी निरोध भाइयों को उपदेश दिया श्री ने सभी निरुध्द भाइयों से श्री सिंह ने स्वामी जी के उपदेश को आत्मसात कर स्वामी जी के मार्गदर्शन अनुसार जीवन बिताने की अपेक्षा की। इस अवसर पर संतश्री मणिमहेश चैतन्य जी महाराज और साथ में आए संतों का पुष्प मालाओं से जेल अधीक्षक द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अनिल संगवानी ने किया और अंत में आभार उप जेल अधीक्षक राजेश विश्वकर्मा ने माना।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



नीमच, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर नीमच श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डमोर ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मनरेगा, 15 वॉ वित्त आयोग, सीएम हेल्प लाईन, वाटरशेड परियोजना आदि योजनाओं की समीक्षा के दौरान योजनाओं में प्रगति लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डमोर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मनरेगा के तहत लेबर नियोजन में सक्रिय श्रमिकों के विरुद्व लेबर नियोजन की प्रगति कम होने पर नाराज़गी जाहिर करते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि लेबर नियोजन पर उपयंत्री अपने क्षेत्र कि पंचायतों में प्रति दिवस मॉनटरिंग करे, जल शक्ति अभियान, नदी पुनर्जीवन के कार्यो को प्राथमिक से लेकर इन कार्यो को प्रारंभ करने, कपिलधारा कूप, निर्मल नीर, नंदन फलोउघान, खेत तालाब, आदि हितग्राही मूलक कार्यो पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए इन कार्यो की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति जारी कर कार्यो को प्रारंभ करवाने तथा, विगत वर्षो के अपूर्ण कार्यो को पूर्ण करवाकर , समय-सीमा में पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करवाए के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए बैठक में15 वॉ वित्त के तहत नियमानुसार कार्यो को प्रारंभ करवाने, वाटरशेड परियोजना आजीविका के तहत लक्ष्य अनुसार बैंकों में प्रकरण तीन दिवस में लगाने के निर्देश भी दिए गए, । बैठक में सीईओ जनपद पंचायत श्री श्री राजेंद्र पालनपुरे, श्री आकाश धारवे, परियोजना अधिकारी जि.पं., सहायक यंत्री, उपयंत्री, एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर सुनील सिखवाल नियुक्त

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष फिल्म अभिनेता श्री रविन्द्र ठाकुर अपने एक दिवसीय प्रवास पर मंदसौर आये। आपने तीन छतरी बालाजी मंदिर में भगवान बालाजी की पूजा अर्चना की। उसके पश्चात् आपने प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी युवा मोर्चा के मंदसौर जिलाध्यक्ष पद सुनील सिखवाल व जिला उपाध्यक्ष पद पर राज सरगरा को नियुक्त किया है। मंदसौर में श्री रविन्द्र ठाकुर को सुनील सिखवाल, राज सरगरा, सीमा नागर, सुधा फरक्या, प्रमोद जैन, शुभम सारस्वत आदि पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया





मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि खेल एवं युवा मंत्रालय के निर्देशानुसार एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से तेलिया तालाब उद्यान परिसर तक स्वच्छता जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने 'प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच, पन्नी, पॉलिथीन' 'जन-जन को दो यह संदेश, साफ स्वच्छ हो अपना देश' 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' आदि नारों से लोगों को अपने आस-पडौस को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। तैलिया तालाब पहुंचकर स्वयंसेवकों ने परिसर को प्लास्टिक एवं अन्य कचरे से मुक्त किया। विद्यार्थियों ने तीन कट्टेप्लास्टिक, गाजर घास व अन्य कचरे को इकट्ठा कर परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाया।

## श्रीराम युवा सेना के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश जैन व नगर अध्यक्ष विक्रम राठौर नियुक्त

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। श्रीराम युवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने श्रीराम युवा सेना के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर कमलेश जैन को एवं श्री राम युवा सेना के मंदसौर नगर अध्यक्ष पद पर विक्रम राठौर को नियुक्त किया है।प्रदेश अध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि कमलेश जैन सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यो में सतत लगे हुए है सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने हेतु संघर्षशील है। उनके कार्यो को देखते हुए उन्हें श्री राम युवा सेना के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है तथा विक्रम राठौर के सामाजिक कार्यो को देखते हुए उन्हें श्रीराम युवा सेना के नगर अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियो को श्रीराम युवा सेना के कार्यो को बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये है।



### भाजपा महिला मोर्चा जिला मंदसौर की समस्त बहनों ने संगठन पर्व 2024 के...

# सदस्यता अभियान में पूरे जिले भर से सदस्य बनाएं



मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जी भाजपा राज्य सभा सांसद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया दीदी के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल जी अटोलिया के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला जी गुप्ता के नेतृत्व में जिले की समस्त महिला मोर्चा ने मंदसौर जिले के समस्त मंडलों में गावों में वार्डो में बूथों पर हर घर घर तक कार्यसमिति सदस्य मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य समस्त जनप्रतिनिधि बहनों समस्त पार्षदगण बहनों ने हर बहनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई भाजपा की योजनाओं का लाभ लेने वाली हर बहन को जोडने का काम किया भाजपा जोड़ने जोड़ना हे हर कोई भाजपा से जुड़ने को त्यार है कोई भी बहने भाजपा से जुड़ने से वंचित न रह जाए सभी बहनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर भाजपा की सदस्यता दिलाए । उक्त जानकारी भाजपा महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी विद्या कादोतिया ने दी।

# मां भवानी गरबा मंडल की कार्यकरिणी का गठन

### सर्व सहमति से अध्यक्ष नियुक्त हुए सुनील बैरागी, संरक्षक पद पर महावीर जैन, विनोद सुराह, नरेंद्र बैरागी, हेमंत सिसोदिया नियुक्त



मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित देशभर में शारदीय नवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इसी के चलते कैलाश मार्ग अंबेडकर चोराहा पर भी प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि में माता जी की प्रतिमा की घट स्थापना की जायेगी, एवं नौ दिनों तक मां की आराधना की जाएगी। एवं माता तथा बहनों द्वारा गरबे की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर क्षेत्रवासियों ने एक मां भवानी गरबा मंडल चोक में रविवार शाम को 7:30 बजे मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर सुनील बैरागी, सरक्षक पद पर महावीर जैन, विनोद सुराह, नरेंद्र बैरागी, हेमंत सिसोदिया, उपाध्यक्ष पद पर राजू मलासा, श्याम रत्नावत, हरीश खींची और कपिल शर्मा नियुक्त हुए है।

इसी क्रम में सचिव पद पर- रवि ग्वाला, विक्की धूलिया, पवन जैन, कपिल सोलंकी, संयोजक पद पर- अनिल सुराह, विपिन चौधरी, गोपाल राठौर, दीपक नागदा, दीपक बैरागी, कोषाध्यक्ष पद पर- महेंद्र सिसोदिया, उमेश सुहाना, को नियुक्त किया है । एवं सह कोषाध्यक्ष पद पर- दिनेश जोशी प्रवीण सिसोदिया, रवि भरोवा, शुभम तिवारी, कान्हा पहलवान, वीर सुहाना, प्रवक्ता पद पर- कुशाल सिंह राजपूत, बल्लू धूलिया, अरविंद शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह परिहार नियुक्त हुए है।

समिति के आयोजनकर्ता- गोवर्धन सुराह, घनश्याम सुराह, गोविंद नागदा, मोहनलाल नागदा, यशवंत प्रजापत, जग्गू लाल धूलिया, रूपलाल खींची, ओमप्रकाश जैन, नंदकिशोर बैरागी, नंदकिशोर शर्मा, जुगल किशोर रतनावत, सुनील नागदा, रामनिवास रांगोटा, मांगीलाल सोलंकी, सत्यनारायण सरतालिया, मांगू लाल लोहार, राकेश भाटोदरा, अशोक परमार, ओम सरतालिया, विजय सरतालिया, भगवती प्रसाद सुहाना को सर्व सहमति से नियुक्त किया गया है। जानकारी पत्रकार उमेश सुहाना द्वारा दी गई।

## राशि श्रीमाल को इंदौर में केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश की प्रतिष्ठित हस्तियों और उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से ह्यूमैनिज्म सेवा संस्कार चैरिटी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ड्रीम वर्ल्ड रिसोर्ट इंदौर में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।समारोह में महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्य मंत्री सविता ठाकुर ने प्रदेश की 52 विशिष्टऔर अद्वितीय प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया। जिसमे मंदसौर की छात्रा राशि श्रीमाल को खेल के क्षेत्र में रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय है कि राशि श्रीमाल इस साल लगातार तीसरी बार स्टेट लेवल पर सिलेक्ट हुई है। पिछले साल राशि मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। राशि के रजत पदक प्राप्त करने पर परिवार सदस्य और मित्रों द्वारा बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की है।

### पेंशन हितग्राही अपनी केवाईसी कराए

मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंदसौर के वृद्धा, विधवा, दिव्यांग समस्त हितग्राहीयो को सूचित किया जाता है की जिनको सामाजिक सुरक्षा पेशन 600 रू प्रतिमाह प्राप्त हो रही है वे हितग्राही अपनी केवाईसी (समग्र आईडी को आधार से लिंक करावे) जल्द ही कराये नही तो अक्टूबर माह से पेशन बंद हो जाएगी जिसकी समस्त जवाबदेही हितग्राही की होगी।

### गोडाउन से डेढ़ लाख रुपए की लहसुन चोरी

पिपलियामंडी, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गोडाउन में रखे लहसुन के कट्टे चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। खेड़ी मोहल्ला नाहरगढ निवासी भुवानीराम पिता रामचन्द्र माली ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि उनके गोडाउन में रखे लहसुन के कट्टे चोरी हो गए। इसमें 4 क्विंटल 80 किलो लहसुन थी, जिसकी कीमत 1 लाख 44 हजार थी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## स्वदेशी जागरण मंच ने मेनपुरीया में छात्रों को स्वावलंबन हेतु प्रेरित किया

मेनपुरिया, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय मेनपुरिया में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को आत्मनिर्भर बनने तथा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने हेतु प्रेरणा दी गई। साथ ही छात्रों को स्वावलबन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर ,7 ग्राम वासियों का प्रशसित्र पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, भेरूलाल माली ने की। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ओंकार लाल माली ने की। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग विस्तारक दिलीप व्यास, जिला संयोजक दिलीप चौधरी, तहसील साहसयोजक सतीश बैरागी रहे तथा इसके साथ-साथ छोटे स्तर पर दुकान वा व्यवसाय करने वाले, 7 ग्राम वासियों मोहिनी प्रजापत, रानू शर्मा, पायल, आशा, मनोज राठौर, सुनील राठौर, पंकज धनगर, खूब प्रशास्ति पत्र दिये गये। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच सरपंच प्रतिनिधि ओंकार लाल माली, बंटी माली, पंकज धनगर, जगदीश धनगर, उमेश माली, आदि उपस्थित थे।

# पीएमएफएमई योजना के तहत हितग्राहियों के साथ परिचर्चा आयोजित

नीमच, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग नीमच व्दारा आत्मनिर्भर भारत (पी.एम.एफ.एम.ई.) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में हितग्राहियों के साथ परिचर्चा आयोजित की गई है। इसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ.सी.पी.पचौरी, उप संचालक उद्यानिकी श्री अंतरसिह कन्नौजजी, उप संचालक कृषि श्री बी.एस.अर्गल सहित अन्य अधिकारी, हितग्राही एवं कृषक बंधु उपस्थित थे।

इस परिचर्चा में उद्यानिकी उप संचालक श्री अतर सिह कन्नौज जी ने उद्योग इकाई स्थापित करने के संबंध में जानकारी दी और बताया, कि जिन उद्यमियों के लिए उद्योग संयंत्र स्थापित करने के लिए बैंक ऋण का 35 प्रतिशत एवं अधिकतम लाभ 10 लाख रूपये दिया जा रहा है। इसमें न्यूनतम 18 वर्ष की आयु हो एवं उद्योग खोलने की क्षमता रखता हो, जिसे बैंक में साख अच्छी हो, उनके पास स्वयं की भूमि हो, अनुदान उद्यानिकी विभाग व्दारा दी जा रहा है तथा प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए विभाग के पास रिसोर्स परसन उपलब्ध है। एस.आर.एल.एम. एवं एस.यू. एल.एम., के उपस्थित समूह भी इसका लाभ उठा कर, अपना उद्योग स्थापित कर सकते है।

## जिला सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का दायित्व पुन: रिछावरा को



मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मंदसौर जिला सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का दायित्व संगठन के प्रति निष्ठा और सेवा भाव को देखते हुए एक बार पुन: मोहनलाल रिछावरा मंदसौर को दिया गया। जिलाध्यक्ष मोहनलालजी रिछावरा ने मंदसौर जिला सराफा एसोसिएशन का विस्तार कर नवीन कार्यकारिणी में सचिव विक्रम मेहता, सह सचिव व प्रवक्ता गौरव सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन बड़ोद वाला, उपाध्यक्ष अजय बाकलीवाल के साथ ही आठ और उपाध्यक्षों की घोषणा की गई। साथ ही पूरे जिले की टीम बनाई गई जिसमे मंदसौर जिले के ऊर्जावान वरिष्ठ व युवा व्यापारियो को स्थान दिया गया। जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार मानते हुए जिले के सभी व्यापारी बंधुओं के व्यापारिक हितों, सुरक्षा व व्यापार संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव उपलब्ध रहने की प्रतिबद्धता जताई और सभी जिले के व्यापारियो से आग्रह किया कि सराफा एसोसिएशन को मजबूत बनाने के लिए सभी व्यापारी संगठित होकर सहयोग करे जिससे संगठन को बल मिले। उक्त जानकारी एसोसिएशन के सहसचिव व प्रवक्ता गौरव सोनी ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 4 | 2620 | 2624 |
| उडद | 71 | 5281 | 7290 |
| सोयाबीन | 44560 | 4171 | 4911 |
| गैहु | 2204 | 2501 | 3321 |
| चना | 52 | 65000 | 7296 |
| मसुर | 104 | 5551 | 6080 |
| धनिया | 175 | 5560 | 6925 |
| लहसुन | 10765 | 9500 | 27100 |
| मैथी | 530 | 5141 | 6185 |
| अलसी | 1500 | 5850 | 6280 |
| सरसो | 255 | 5601 | 6062 |
| तारामीरा | 1 | 5000 | 5000 |
| इसबगोल | 33 | 10652 | 13415 |
| प्याज | 1682 | 1000 | 4207 |
| कलोंजी | 14 | 10000 | 16185 |
| डॉलर | 20 | 6200 | 12491 |
| तिल्ली | 85 | 11751 | 13180 |
| मटरसुखी | 0000 | 00000 | 00000 |
| असालीया | 50 | 9999 | 12900 |

# शुद्ध घी, दूध और खोया: यथार्थ और समस्याएं

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** ।जकल भारत में शुद्ध घी को लेकर बडी बहस छिडी हुई है। यह बहस तब शुरू हुई जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति बालाजी मंदिर के शुद्ध घी के लड्डुओं में चर्बी की मिलावट की बात कही। इससे देशभर में एक नई चर्चा ने जन्म लिया। सवाल यह उठने लगा कि क्या भारत में इतना शुद्ध घी उत्पादित होता है कि हर उपभोक्ता तक सही उत्पाद पहुंच सके? इसी के साथ यह भी चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या देश में इतना पशुधन मौजूद है जो शुद्ध घी की मांग को पूरा कर सके। घी की इस बहस ने अन्य डेयरी उत्पादों, जैसे दूध और खोया की शुद्धता को भी संदेह के घेरे में ला दिया है। शुद्ध दूध और खोया की आपूर्ति कैसे हो रही है, यह भी एक महत्वपूर्ण सवाल बन चुका है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। परंतु पशुपालन, जो पहले कृषि का एक अभिन्न अंग था, अब उतनी प्राथमिकता में नहीं है जितनी पहले हुआ करती थी।

**पशुधन और आधुनिक कृषि–** कृषि और पशुधन का आपस में गहरा संबंध था। पहले के समय में बैल, गाय और भैंस जैसे पशु न केवल खेती के लिए उपयोगी थे, बल्कि दूध और उससे बने उत्पादों की आपूर्ति के लिए भी महत्वपूर्ण थे। परंतु आज के भौतिकवादी युग में आधुनिक तकनीक और मशीनों के कारण पशुओं पर निर्भरता कम हो गई है। किसानों ने बैलों की जगह ट्रैक्टर और अन्य मशीनों का उपयोग शुरू कर दिया है। इसके साथ ही, यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते प्रचलन ने गाय और भैंस के गोबर से बने जैविक खाद की मांग को भी घटा दिया है। इससे पशुपालन की आर्थिक उपयोगिता भी कम हो गई है, और किसान अब उतनी संख्या में पशुओं का पालन नहीं कर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव दूध के उत्पादन पर पड़ा है। दूध की कमी से न केवल शुद्ध घी, बल्कि खोया और अन्य दूध से बने उत्पादों की भी आपूर्ति प्रभावित हुई है। जब दूध ही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है, तो शुद्ध घी और खोया की पर्याप्त आपूर्ति कैसे संभव हो सकती है?



नेमीचंद राठौर

**मिलावट का बढ़ता प्रचलन–** दूध और घी की मांग अधिक और उत्पादन कम होने की स्थिति में, लालची व्यापारियों ने इसका फायदा उठाना शुरू कर दिया है। वे मिलावटी घी, दूध और खोया को असली के नाम से बाजार में बेचते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। मिलावटखोरी की वजह से नकली घी, खोया और दूध बाजार में बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो रहे हैं। आम आदमी, जो इन उत्पादों की शुद्धता की जांच नहीं कर पाता, इनका सेवन कर कई बीमारियों का शिकार हो रहा है। नकली घी और दूध में अक्सर ऐसे तत्व मिलाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। उदाहरण के लिए, नकली घी में वनस्पति तेल और अन्य रासायनिक पदार्थ मिलाए जाते हैं, जो दीर्घकालिक रूप से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और अन्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसी तरह, नकली दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, और अन्य हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं, जो पाचन तंत्र और गुर्दे को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**वास्तविकता और उपभोक्ता जागरूकता–** आज आम जनता यह समझती है कि देश में पर्याप्त पशुधन नहीं है, फिर भी बाजार में सभी प्रकार के डेयरी उत्पाद कैसे उपलब्ध हो रहे हैं। यह यथार्थ स्पष्ट करता है कि अधिकांश उत्पाद मिलावटी होते हैं। फिर भी, लोग अपनी सुविधा और जानकारी के अभाव में इन उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं।

शुद्ध घी, दूध और खोया जैसे उत्पादों की शुद्धता के लिए सरकार और उपभोक्ता संगठनों को मिलकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। नकली उत्पादों की जांच और उन पर कड़ी कार्रवाई से ही इस समस्या का समाधान हो सकता है। साथ ही, उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया जाना चाहिए कि वे इन उत्पादों की शुद्धता की जांच कैसे कर सकते हैं और नकली उत्पादों से कैसे बच सकते हैं।

**निष्कर्ष–** शुद्ध घी, दूध और खोया के मुद्दे ने देश में एक बड़ी बहस को जन्म दिया है, जो केवल घी तक सीमित नहीं है, बल्कि डेयरी उद्योग की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर प्रश्नचिह्न लगाता है। पशुधन की घटती संख्या और मिलावटखोरी की बढ़ती समस्या के बीच, यह आवश्यक है कि सरकार, व्यापारी और उपभोक्ता मिलकर इस समस्या का समाधान ढूंढें। इसके लिए पशुपालन को फिर से प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि दूध और उससे बने उत्पादों की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

# 2028 में लॉन्च होगा भारत का शुक्रयान

## इसका एक दिन पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर, धरती से 4 करोड़ किलोमीटर दूर है..!

**नई दिल्ली, 26 सितम्बर।** भारत का पहला शुक्र मिशन मार्च 2028 में लॉन्च किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इस मिशन की मंजूरी दी। यह मिशन चार साल का होगा। वीनस यानी शुक्र ग्रह धरती से करीब 4 करोड़ किमी दूर है। वीनस को पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। हालांकि यहां का दिन-रात पृथ्वी की तुलना में काफी लंबा होता है। दरअसल वीनस अपनी धुरी पर बहुत धीमे घूमता है। इसकी वजह से वीनस का एक दिन पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है।

भारत का यह मिशन वीनस के ऑर्बिट का अध्ययन करेगा, ग्रह की सतह, वायुमंडल, ऑयनोस्फियर ;वायुमंडल का बाहरी हिस्से की जानकारी जुटाएगा। वीनस सूर्य के करीब 11 करोड़ किलोमीटर है। ऐसे में सूर्य का इस पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका भी पता लगाएगा। वीनस ग्रह को अक्सर पृथ्वी का जुड़वां कहा जाता है क्योंकि यह आकार और डेंसिटी के मामले में पृथ्वी जैसा है। इसलिए वीनस के अध्ययन से पृथ्वी के विकास को समझने में मदद



मिल सकती है। माना जाता है कि वीनस पर भी कभी पानी था लेकिन अब यह सूखा व धूल भरा ग्रह बन गया है। वीनस की सतह का तापमान लगभग 462 डिग्री सेल्सियस है। यह बुध से भी ज्यादा गर्म है। जबकि बुध सूर्य के सबसे नजदीकी ग्रह है। वीनस के ज्यादा गर्म होने की वजह ग्रीनहाउस इफेक्ट है। इसमें सूर्य की गर्मी वायुमंडल में आती है तो वहीं कैद हो जाती है और वायुमंडल से बाहर नहीं जाती। इससे ग्रह की सतह ज्यादा गर्म हो जाती है। वीनस की गर्मी के कारण यहां अब तक भेजे गए लैंडर दो घंटे से ज्यादा काम नहीं कर पाए हैं। इसके वायुमंडल का दबाव भी पृथ्वी से बहुत ज्यादा है। शुक्र पृथ्वी की तुलना में अपनी धुरी पर बहुत धीरे घूमता है। शुक्र का एक चक्कर लगभग पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है। वीनस अन्य ग्रहों की तुलना में अपनी धुरी पर उल्टा (पूर्व से पश्चिम) घूमता है। इसका मतलब है कि शुक्र ग्रह पर सूर्य पश्चिम में उगता है और पूर्व में अस्त होता है। भारत मार्च 2028 में वीनस मिशन लॉन्च करेगा। तब यह सूर्य से सबसे दूर और पृथ्वी से सबसे करीब होगा। अगर इस समय लॉन्चिंग टली तो अगला मौका 2031में मिलेगा क्योंकि तब यह फिर पृथ्वी के सबसे नजदीक होगा। सैटेलाइट को पृथ्वी से लॉन्च किया जाएगा। अर्थ ऑर्बिट में पहुंचते यह तेजी से शुक्र ग्रह की तरफ बढ़ेगा। सैटेलाइट के अर्थ ऑर्बिट से बाहर निकलने के बादए शुक्र तक पहुंचने में लगभग 140 दिन लगेंगे। वीनस मिशन की लाइफ चार साल की होगी। शुक्रयान का वजन करीब 2500 किलोग्राम होगा। इसमें 100 किलोग्राम केपेलोडहोंगे। कितने पेलोडजाएंगे इस पर बाद में फैसला लिया जाएगा। हालांकि जर्मनी, स्वीडन, फ्रांस व रूस के पेलोडभी लगाए जा सकते हैं।

# अगले माह से आरटीओ में बढ़ेगी परेशानी

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2001 से प्रदेश के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) और जिला परिवहन कार्यालय(डीटीओ) में बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस व पंजीयन कार्ड प्रिंट करने काम देख रही स्मार्टचिप कंपनी के मंदसौर सहित प्रदेश भर के 428 कर्मचारी एक अक्टूबर से आरटीओ-डीटीओ संबंधी काम नहीं करेंगे। दरअसल इस कंपनी का टेंडर 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। अभी तक परिवहन विभाग ने कंपनी का काम आगे नहीं बढ़ाया है। वहीं कंपनी भी काम करना नहीं चाह रही है।

सूत्रों के अनुसार कंपनी परिवहन विभाग से बकाया राशि मांग रही है। बताया जा रहा है कि करीब 70 करोड़ रुपये से अधिक राशि परिवहन विभाग से कंपनी को लेना है। इस कारण कंपनी आगामी समय के लिए अपना हाथ खींच रही है। वहीं परिवहन विभाग भी स्मार्टचिप संबंधी काम के लिए नई एजेंसी की तलाश कर रहा है। लेकिन, अब तक ऐसी एजेंसी नहीं मिली है जो आरटीओ व डीटीओ का ऑनलाइन काम पूरी तरह से संभाल ले। ऐसे में परिवहन विभाग यदि 30 सितंबर के बाद यानी एक अक्टूबर से कंपनी का काम आगे नहीं बढ़ाता है तो परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों का पंजीयन कार्ड प्रिंट करने का काम बंद हो जाएगा। यहां पर यह भी गौरतलब है कि नवरात्र, दशहरा, दीपावली तक प्रदेश भर में सैकड़ो वाहनों की बिक्री होगी। ऐसे में समय पर कार्ड प्रिंट नहीं होने से लोगों की परेशानी तय है। इस संबंध में अपर परिवहन आयुक्त उमेश जोगा का कहना है कि कोई नई एजेसी नहीं मिली है। स्मार्टचिप कंपनी के अधिकारियों से बात चल रही है। संभवत: आगामी दिनों में स्मार्टचिप को ही काम दिए जाने पर बात बन सकती है।

# कयामपुर में पोषण माह का आयोजन, एक पेड़ मां के नाम लगाया

**कयामपुर/सीतामऊ, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सीतामऊकी ग्राम पंचायत कयामपुर में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार मरावी डीपीओ एनआरएलएम एवं श्री वास्कले सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंदसौर द्वारा निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार मरावी ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली माता, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण को समग्र रूप से बेहतर बनाने के विषय में बताया गया। पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से गर्भवती, धात्री माता को पौष्टिक व्यंजन, मौसमी फल ,सलाद, हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज दालें का सेवन करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों की माता की सराहना कर बच्चों की वृद्धि निरंतर बढ़ने की समझाइश दी गई। बच्चों को आयरन सिरप पिलाया गया एवं टीकाकरण समय पर करने की समझाइश दी गई। पोषण आधारित रंगोली, व्यंजन प्रदर्शनी के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह आयोजन जन आंदोलन के रूप में आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार मरावी ने कहा कि घरों के आसपास साफ सफाई रखे। घरों में पानी की टंकी को खुला न छोड़े ताकि डेंगू मच्छर न फैले। अधिक से अधिक महिलाओ को स्वयं सहायता समुह से जोड़े। सभी को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत शपथ दिलवाई गई। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं और सहायिका द्वारा पोषण आहार से बने व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई। एक पेड मां के नाम से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार मरावी डीपीओ एनआरएलएम जिला मंदसौर , सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री वास्कले मन्दसौर, ,महिला बाल विभाग से परियोजना अधिकारी रमेश आर्य, पीसीओ कमलसिंह मोरी,पर्यवेक्षक सावित्री चौहान, ग्राम पंचायत कयामपुर के सरपंच जगदीश माली,सचिव दशरथ महेंद्र अलावा,अभियान परिषद की नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक हरिओम गंधर्व, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता केलाश शर्मा,अर्चना शर्मा, दीपीका ऐरा, पुष्पा सूर्यवंशी,28आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका ,आशा कार्यकर्ता,नवज्योति



संकूल स्तरिय संगठन की कोषाध्यक्ष एवं बैंक सखी धारणा गंधर्व, स्वयं सहायता समूह की दीदीयां,बच्चे,किशोरी बालिकाएं और कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम सरस्वती पुजन के साथ प्रांरभ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन परियोजना अधिकारी रमेश आर्य ने किया। अंत में आभार सुपरवाइजर सावित्री चौहान ने माना।



# साधारण सम्मेलन संपन्न

**मनासा, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद मनासा का साधारण सम्मेलन दिनांक 26/09/2024 को दोहपर 3:00 बजे परिषद सभा कक्ष में आहूत किया। उक्त बैठक में कुल 13 प्रस्ताव रखे गए थे। जिसमें सर्वसम्मिति से सभी प्रस्ताव पारित किए गए। नगर गौरव दिवस जो कि दशहरा पर्व पर मनाया जाता है। इस बार यह उत्सव 7 दिवस का मनाया जाएगा। यह निर्णय आज परिषद की बैठक में लिया गया। इस पर अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उपस्थित सभी पार्षदगण ने अपनी सहमति दी। 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व नगर गौरव दिवस मनाया जाएगी। इसी दिन से 7 दिवसीय दशहरा पर्व शुरू होगा। जो 18 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन 12 अक्टूबर को रावण दहन और आतिशबाजी होगी। 13 अक्टूबर को स्थानिय स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। 14 अक्टूबर को कामेडीयन नाइट का आयोजन होगा। 15 अक्टूबर को कवि सम्मेलन होगा। 16 को बालीवुड नाइट का आयोजन होगा। 17 को भव्य भजन संध्या रहेगी। 18 को स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस दौरान वाल्मिकी जयंती पर दशहरा मंच पर सफाई मित्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

# बंसल ने 80 दिवंगतों के अस्थिकलश विसर्जित किए

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** समाज सेवा के दुर्लभ आयामों को अंजाम देने वाले सुपरिचित समाजसेवी व सेवा बैंक के संचालक सुनील बंसल ने 80 निराश्रित व निर्धन दिवंगतों के अस्थि कलश हरिद्वार गंगा जी में विधि विधान से विसर्जित कर दिवंगत आत्माओं के मोक्ष की कामना की।

उल्लेखनीय है कि इस पुनीत कार्य हेतु श्री बंसल और उनके साथी भरत शिंदे, सज्जन खिमेसरा, चंद्रशेखर निगम, शंभूसेन राठौर, कन्हैयालाल दया, बंशी साहू, सुरेश राठौर, रोहित कुमावत मंदसौर से 80 दिवंगत व्यक्तियों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार रवाना हुए थे। जिनमें 13 अस्थिकलश वानरों के भी थे। श्री बंसल एवं साथियों ने मां गंगाजी के तट पर तर्पण विधि कर 5 घंटे के विधि विधान से सभी अस्थि कलशों को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पूजन पाठ पिंडदान के बाद गंगाजी में प्रवाहित किया। दिवंगतों की स्मृति में ब्रह्म भोज भी कराया गया। यह पूरी धार्मिक प्रक्रिया श्री बंसल के पारिवारिक पंडाजी गंगा महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रदीप झा के पुत्र कन्हैयालाल झा ने ब्रह्म कुंड अस्थि प्रवाह घाट मंच पर संपन्न कराई।



# अनुसुचित जाति जन जाति आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के स्वागत में रैली और ज्ञापन 29 को

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सकल वाल्मीकी समाज एवं वंचित समाज द्वारा रविवार 29 सितंबर को सर्वोच्य न्यायालय द्वारा दिए गए अनुसुचित जाति जन जाति आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के स्वागत में समर्थन रेली एवं महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर मंदसोर श्रीमती अदिति गर्ग को ज्ञापन दिया जावेगा। वाल्मीकी एवं वंचित समाज ने बताया की 01 अगस्त 2024 सर्वोच्य न्यायालय के 6/1 के सम्मानजनक फैसला दिया गया है जो आरक्षण में वर्गीकरण के अन्तर्गत कोटे में से कोटा एवं हम वंचित को 50% देकर वंचित समाज को हिस्सेदारी दी गई। इसके तहत वाल्मीकी एवं वंचित समाज, सामाजिक एवं शेक्षणिक रूप से समाज की मुख्यधारा से जुड सके एवं सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व मिले ताकि वाल्मिकी एवं वंचित समाज के बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, एस.पी. एवं प्रथम श्रेणी अधिकारी आदि बन सके। इस फैसले को लेकर वाल्मीकी एवं वंचित समाज सर्वोच्य न्यायालय को धन्यवाद ज्ञापित करता है। इस हेतु मंदसौर जिले के वाल्मीकी एवं वंचित समाज एक जुट होकर आरक्षण में वर्गीकरण तत्काल लागु हो कि मांग को समर्थन रैली और ज्ञापन देगा। 29 सितंबर रविवार सुबह 9 बजे जिलेभर से सकल वाल्मीकी समाज एवं वंचित समाज से मातृशक्ति भाई, बहन एवं युवा बडी संख्या में डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौराहा पर एकत्रित होकर एक जुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकार के लिये समर्थन रैली निकालेंगे। रैली कि शुरुआत डॉ. भीमराव अम्बेड्कर की प्रतिमा माल्यार्पण केसाथ होगी जो की बड़ेबालाजी बस स्टेण्ड, दयामंदिर रोड होती हुई गांधी चौराहा पर आमसभा में परिवर्तित होगी। इसकेपश्चात् जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री ने हॉकी खिलाड़ी तुषार परमार को बनाया जिले का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिले में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हॉकी खिलाडी श्री तुषार परमार को बनाया। हॉकी खिलाडी श्री तुषार परमार ने नेशनल हॉकी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश दुनिया में मंदसौर का नाम गोरवान्वित किया है। हॉकी खिलाड़ी तुषार परमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। द्वितीय वेस्ट जोन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जूनियर इंटरनेशनल जोनल चैंपियनशिप में पहला स्थान प्राप्त किया। जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में 14वां स्थान प्राप्त किया। यह मंदसौर जिले के लिए गर्व की बात है। तुषार से जिले के खिलाडी प्रेरणा ले रहे हैं तथा खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।



# अल्हेड़ को जिले में पहला स्थान, कैलाश विजयवर्गीय ने किया सम्मानीत

**मनासा, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** तहसील की ग्राम पंचायत अल्हेड ने जिले में उत्कृष्टकार्य और ग्रामीण विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी के चलते प्रथम स्थान हासिल किया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में आयोजित एक समारोह के दौरान सरपंच आनंद श्रीवास्तव और सचिव अल्ताब मंसूरी को सम्मानित किया। सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि का श्रेय ग्रामवासियों को देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल विधायक माधव मारू का आभार जताया।

# दो भाईयों पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दो भाईयों पर केस दर्ज किया। पिपलिया जोधा निवासी भरतसिंह पिता गोबरलाल डांगी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई फसल बेचकर आया उस दौरान मेरे रुपए गिर गए थे, मैंने दिलीप डांगी व उसके भाई मदन डांगी से पूछा तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर फेंके, जिससे चोंट आई। पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# सोयाबीन उपार्जन के लिये पंजीयन 20 तक कराए

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंदसौर द्वारा बताया गया कि विपणन वर्ष 2024-25 में सोयाबीन के उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 अक्टूबर 2024 तक पंजीयन करा सकते है। पंजीयन हेतु जिले में उपार्जन समिति द्वारा सहकारी समिति स्तर पर 68 केंद्र बनाये गए है। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के समय आधार कार्ड, खसरा, नकल एवं बैंक पासबुक की प्रति पोर्टल पर अपलोड की जाना अनिवार्य है।

# मध्य प्रदेश:अगले बजट में 64 प्रतिशत तक मिलेगा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता

**भोपाल, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के सात लाख से अधिक कर्मचारियों को अगले बजट (वर्ष 2025-26) में 64 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता मिलेगा। पेंशनरों के लिए भी इसी हिसाब से महंगाई राहत का प्रविधान रखा जाएगा। वार्षिक वेतन वृद्धि तीन प्रतिशत की दर से होगी तो संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में चार प्रतिशत की वृद्धि के हिसाब से राशि रखी जाएगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा है कि वेतन-भत्ते मद के लिए कर्मचारियों की संख्या और आगामी समय में होने वाली भर्ती के अनुसार आकलन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

**56 प्रतिशत का रखा प्रविधान, 46 मिल रहा–** सभी विभागों में वेतन-भत्ते के लिए बजट में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनरों की महंगाई राहत के लिए 56 प्रतिशत के हिसाब से प्रविधान रखा गया है। हालांकि, अभी 46 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जबकि, भारत सरकार इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर चुकी है। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। कर्मचारी भी चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि दीपावली के आसपास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसकी घोषणा कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने 64 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते के लिए राशि रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार वृद्धि होती है तो आगामी वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 18 प्रतिशत बढ़ जाएगा। इसके साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धि और संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष की तरह की प्रविधान रखा जाएगा।

**योजनाओं का होगा आकलन–** उधर, सभी विभागों से ऐसी सभी योजनाओं का आकलन भी कराया जा रहा है, जिनकी अब उपयोगिता नहीं है। इन्हें समाप्त करने या अन्य योजनाओं में समाहित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों से एक-एक योजना का पिछले वर्षों की उपलब्धि के आधार पर आकलन करने कहा गया है।

# स्थायी समिति की बैठक 18 अक्टूबर को

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक 18 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायात सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# बच्चे देश का भविष्य है, इनमें से ही कोई महान व्यक्ति बनेगा-देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत साफ सफाई की

**मंदसौर, 26 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए तथा स्कूल परिसर में झाडु लगाकर कचरा साफ किया। इस दौरान खिलाड़ियों का सम्मान किया तथा किट प्रदान की। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया तथा कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत पैदल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन,



अन्य प्रशासनिक अधिकारी, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक विद्यार्थी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि बच्चे देश का भविष्य है। इनमें से ही कोई महान व्यक्ति बनेगा। कोई पीएम, कोई राष्ट्रपति, कोई कलेक्टर, कोई डॉक्टर बनेगा। स्वच्छ भारत मिशन में हम सबको मिलकर काम करना है। कचरा डस्टबिन में डालें। जिसको देखकर बच्चे भी सीखते हैं, जो कार्य बड़े करते हैं, वही कार्य बच्चे भी देखकर करते हैं। सभी बच्चे स्वच्छता में कार्य करें तथा दूसरों को प्रेरणा दें। अपना बस्ता, अपनी किताब, बैठने का स्थान, इत्यादि को साफ और स्वच्छ रखें। जिससे अन्य व्यक्ति भी प्रेरणा ले। हमें हमारे देश पर गर्व होना चाहिए कि, हमारा देश साफ और स्वच्छ है। और हमेशा स्वच्छ हमें ही रखना है। सफाई करने में किसी को कोई संकोच नहीं होना चाहिए। बिना संकोच के डस्टबिन में कचरा डालना चाहिए। जिससे देखने वाले के मन में भी भाव उत्पन्न होता है, वह भी स्वच्छता के प्रति सतर्क होता है।

## ✻ अंतिम यात्रा ✻

स्व.श्री रतनलालजी डाड़ की धर्मपत्नी एवं स्व. पुरुषोत्तम,बद्रीलाल, सुनील व कमलेश की भाभीजी एवं संजय की बड़ी मम्मी और अभिनव की पूज्य माताजी एवं स्व. विशेष व अदिति माहेश्वरी की दादीजी



श्रीमती कांतादेवीजी डाड (माहेश्वरी) का आकस्मिक निधन दिनांक 26 सितंबर 2024, गुरुवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर 2024, शुक्रवार को प्रात: 11:45 बजे पर निज निवास बी-22 सिद्धचक्र विहार कॉलोनी, नरसिंहपुरा रोड, राम टेकरी, मंदसौर से शव वाहन से निकलेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त डाड़ परिवार


## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।

✻✻✻✻ मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें ✻✻✻✻

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


## न्यायालय तहसीलदार तहसील शामगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक-0006/अ-20(3)/2024-25

### ✻✻✻✻ विज्ञप्ति ✻✻✻✻

एतद् द्वारा इस विज्ञप्ति के जरिये ग्राम सेमलीशंकर की जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय मंदसौर के न्यायालय प्रकरण क्रमांक 0081/अ-20(3)/2024-25 मुलतः श्रीमान के द्वारा पत्र क्रमांक 592/आरटीसी/आर.पी.बी./2024 मंदसौर दिनांक 08.08.2024 से व श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) गरोठ के प्रकरण क्रमांक 0033/अ-20(3)/2024-25 से ग्राम सेमलीशंकर तहसील शामगढ़ में स्थित भूमि सर्वे नं. 103/4/1 रकबा 101.220 में से रकबा 10.00 हे. भूमि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को उद्योग स्थापित की जाने हेतु भूमि आवंटन संबंधी इस न्यायालय में प्रस्ताव प्रेषित कर भूमि आवंटन के संबंध में जांच प्रतिवेदन चाहा गया।

अतः आवेदक/संस्था के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन चाहता है तो वह भी अपना दावा अपनी अहर्ताओं के विवरण के साथ कंडिका 09 की अपेक्षा की पूर्ति करते हुए कलेक्टर महोदय को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत दिनांक 27.09.2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा। समयावधि के बाद आपत्ति प्रस्तुत करने पर विचार नहीं किया जावेगा।

दिनांक-11.09.2024

तहसीलदार
तहसील शामगढ़

G-16731/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in